लोकायुक्त ने पांच हजार की रिश्वत लेते पटवारी को गिरफ्तार किया

सीमांकन में सीमा बरकरार रखने मांगी थी रिश्वत

नवभारत न्यूज

रीवा, 16 मई, गुढ़ तहसील अन्तर्गत हल्का खजुहा कला में पदस्थ पटवारी को लोकायुक्त पुलिस रीवा ने पांच हजार की रिश्वत लेते हुए धरदबोचा. सीमांकन में भूमि की सीमा बरकरार रखने के लिये 15 हजार की रिश्वत मांगी गई थी और पांच हजार लेते हुए आरोपी पटवारी को राजीव मार्ग निराला नगर में गिरफ्तार किया गया.

जानकारी के मुताबिक शिकायतकर्ता कमलेश पटेल निवासी खजुहा कला तहसील गुढ़ ने लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक से शिकायत की थी कि उसके पिता के नाम से खजुहा कला में भूमि है. गांव के ही रामाधार पटेल व अन्य द्वारा सीमांकन के लिये तहसील में आवेदन लगाया है. आवेदक की भूमि सरहदी में पड़ती है जिसकी सीमा बरकरार रखने के लिये हल्का पटवारी खजुहा कला मनोज पाण्डेय द्वारा 15 हजार रूपये रिश्वत की मांग की जा रही है. शिकायत के बाद लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक ने शिकायत की

जांच कराई तो मामला सही पाया गया. आरोपी पटवारी को रंगे हाथ पकड़ने के लिये टीम गठित की गई और शनिवार को अवकाश के दिन आरोपी ने शिकायतकर्ता को पैसे लेकर घर के पास बुलाया. दोपहर जैसे ही वह राजीव मार्ग निराला नगर डभौरा हाउस के सामने पांच हजार रूपया रिश्वत के लिये उसी समय लोकायुक्त की टीम ने दबोच लिया.

आरोपी पटवारी के विरूद्ध धारा 7 क भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 संसोधन अधिनियम 2018 के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है. कार्यवाही का नेतृत्व उप पुलिस अधीक्षक प्रवीण सिंह परिहार ने किया. साथ ही में 12 सदस्यीय टीम मौजूद रही.

दस हजार ले चुका था पहले

आरोपी पटवारी मनोज पाण्डेय पिता पीएन पाण्डेय निवासी निराला नगर द्वारा आवेदक से 15 हजार की मांग की थी. जिसमें दस हजार की रिश्वत आरोपी पहले चुका था और पांच हजार रूपया लेते हुए पकड़ा गया. लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक सुनील पाटीदार ने बताया कि आरोपी सीमांकन के दौरान शिकायतकर्ता के पिता की भूमि की सीमा बरकरार रखने के लिये 15 हजार की रिश्वत मांगी थी, पांच हजार रूपये लेते गिरफ्तार किया गया है. प्रकरण दर्ज कर जांच की जा रही है.

ललितपुर-सिंगरौली रेल परियोजना में प्रशासन का सख्त रुख

प्रभावित गांवों में ध्वस्तीकरण एवं समतलीकरण अभियान शुरू

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 16 मई। ललितपुर-सिंगरौली नई रेल लाइन परियोजना के अंतर्गत प्रशासन ने अब निर्णायक और सख्त कदम उठाते हुए प्रभावित क्षेत्रों में ध्वस्तीकरण एवं भूमि समतलीकरण अभियान प्रारंभ कर दिया है।

भू-अर्जन की संपूर्ण प्रक्रिया पूर्ण होने तथा सभी प्रभावित हितग्राहियों को मुआवजा राशि का भुगतान किए जाने के बाद यह कार्रवाई शुरू की गई है। प्रभारी उपखण्ड मजिस्ट्रेट देवसर सुरेश जादव द्वारा जारी आदेश एवं आम सूचना में स्पष्ट किया गया है कि परियोजना से प्रभावित सभी ग्रामों में भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया विधिवत रूप से पूरी कर ली गई है। साथ ही सभी पात्र हितग्राहियों के बैंक खातों में प्रतिकर राशि का अंतरण कर दिया गया है। अधिग्रहित भूमि पर बने मकानों के हटाने तथा भूमि के समतलीकरण का कार्य तेज गति से प्रारंभ किया जा रहा है। इसके साथ ही अधिग्रहित क्षेत्रों में किसी भी प्रकार की नई निर्माण गतिविधियों तथा कृषि कार्यों पर पूर्ण प्रतिबंध लागू कर दिया गया है। ग्रामीणों को निर्देशित किया गया है कि वे निर्धारित समय-सीमा के भीतर स्वेच्छा से अपने मकान खाली कर दें, ताकि विकास कार्यों को निर्बाध रूप से आगे बढ़ाया जा सके।

चेतावनी जारी, होगी कार्रवाई

प्रशासन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि आदेश का उल्लंघन करने अथवा कार्य में बाधा उत्पन्न करने वालों के विरुद्ध विधिसम्मत एवं दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। अभियान को लेकर क्षेत्र में प्रशासनिक अमला पूरी तरह सक्रिय हो गया है, जिससे परियोजना कार्य को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जा सके।

रामनगर में नकली डीएपी खाद पैकिंग फैक्ट्री पर प्रशासन का छापा

नवभारत न्यूज

सतना, 16 मई. रामनगर में नकली डीएपी खाद की पैकिंग किए जाने की सूचना पर जांच टीम ने घर पर चल रही फैक्ट्री में दबिश देकर कार्रवाई की। जांच के दौरान ट्रेडर्स संचालक द्वारा मौके पर मौजूद सामग्री की खुर्द-बुर्द किए जाने की बात सामने आई। मामले में कृषि विभाग द्वारा पंचनामा तैयार कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

कार्रवाई के दौरान जांच टीम में उर्वरक निरीक्षक एवं सह प्रभारी अनुविभागीय कृषि अधिकारी अमरपाटन अमित पांडे, वरिष्ठ कृषि अधिकारी रामनगर संजय सिंह, सहायक ग्रेड-3 प्रसून प्रताप सिंह, तहसीलदार अनामिका सिंह, नायब तहसीलदार ललित कुमार धार्वे, पटवारी जितेंद्र शुक्ला एवं राजकमल उर्मलिया शामिल रहे। वहीं पुलिस विभाग की ओर से थाना प्रभारी विजय त्रिपाठी, प्रधान आरक्षक कमल भान सिंह, आरक्षक सुनील बागरी, महिला आरक्षक सविता तिवारी तथा आरक्षक कार्तिकेय पांडे कार्रवाई के दौरान मौजूद

डिवाइडर से टकराई तेज रफ्तार बाइक, 3 की मौत

अजयगढ़ थाने की चंदौरी चौकी का मामला

नवभारत न्यूज

पन्ना, 16 मई. अजयगढ़ की चंदौरा चौकी अंतर्गत ग्राम बरौली में एक दर्दनाक सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई। घटना उस समय हुई जब तेज रफ्तार मोटर साइकिल अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई।

हादसे के बाद क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नरैनी के नागनेधी निवासी विजय कुशवाहा पिता जगदीश कुशवाहा 21 वर्ष अपने दोस्तों जगदीश एवं हेतराम के साथ गुरुवार की शाम लगभग 7 बजे नहरी घूमने

जाने की बात कहकर मोटर साइकिल से निकले थे। गांव से कुछ दूरी पर ही उनकी बाइक अचानक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई, जिससे तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों एवं पुलिस की मदद से घायलों को उपचार के लिए अजयगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के दौरान जगदीश को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल हेतराम एवं विजय को जिला अस्पताल रेफर किया गया। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान हेतराम ने भी दम तोड़ दिया, जबकि विजय की हालत गंभीर होने पर उसे मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी भी मौत की जानकारी मिल रही है जिसकी अभी तक पुष्टी नही हो सकी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी। पोस्टमार्टम की कार्रवाई के बाद शव परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिए गए। इस हृदयविदारक हादसे के बाद मृतकों के परिवारों में कोहराम मचा हुआ है तथा पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल बना हुआ है।

सेमरिया में पटाखों का जखीरा बरामद, प्रशासन की बड़ी कार्रवाई से मचा हड़कंप

नवभारत न्यूज

सीधी, 16 मई. जिले के सेमरिया बाजार में उस वक्त हड़कंप मच गया जब राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम ने अवैध पटाखा भंडारण पर बड़ी कार्रवाई करते हुए लाखों रुपये के पटाखे जब्त कर लिए।

देवास हादसे के बाद पूरे प्रदेश में प्रशासन अलर्ट मोड पर है और अब सेमरिया में भी कार्रवाई का बड़ा असर देखने को मिला। सेमरिया बाजार स्थित उमेश पटाखा स्टोर पर नायब तहसीलदार एकता शुक्ला और सेमरिया थाना प्रभारी की संयुक्त टीम ने छापामार कार्रवाई की। जांच के दौरान खुलासा हुआ कि लाइसेंस होने के बावजूद भारी मात्रा में पटाखों का अवैध भंडारण घर के अंदर किया गया था। बताया जा रहा है कि करीब 3 लाख रुपये से अधिक के पटाखे जब्त किए गए हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर मुख्य बाजार और रिहायशी इलाके में इतनी भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री कैसे जमा कर दी गई? अगर जरा सी चिंगारी भड़क जाती

तो पूरा बाजार तबाही में बदल सकता था। प्रशासन ने इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए विस्फोटक अधिनियम 1884 और विस्फोटक नियम 2021 के तहत कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि सेमरिया क्षेत्र में अभी भी कई जगहों पर चोरी-छिपे पटाखों का अवैध भंडारण किया जा रहा है, लेकिन जिम्मेदार विभाग अब तक उन ठिकानों तक नहीं पहुंच पाए हैं। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि पूरे बाजार में व्यापक जांच अभियान चलाया जाए ताकि किसी बड़े हादसे से पहले खतरे को खत्म किया जा सके। देवास की दर्दनाक घटना के बाद अब प्रशासन एक्शन में है और सेमरिया की यह कार्रवाई साफ बता रही है कि अवैध पटाखा कारोबारियों पर अब शिकंजा कसना शुरू हो चुका है।

इनका कहना है

जांच के दौरान नियमों का उल्लंघन सामने आया है और अवैध भंडारण पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन का साफ संदेश है कि लोगों की जान जोखिम में डालने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

एकता शुक्ला, नायब तहसीलदार वृत्त सेमरिया

तेज रफ्तार बोलेरो की टक्कर से मासूम बच्चे की मौत

पीपरखाड़ में हुआ सड़क हादसा, गुस्साए ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 16 मई। सरई थाना क्षेत्र के बरका चौकी क्षेत्र अंतर्गत पीपरखाड़-भलुगढ़ मार्ग पर आज शनिवार की सुबह लगभग 12 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसे में 3 वर्षीय मासूम बच्चे की मौत हो गई। बोलेरो वाहन के चालक से मासूम बालक टकरा गया। हादसे के बाद गुस्साए लोगों ने सड़क जाम कर दिया।

जानकारी के अनुसार सचिन साकेत पिता प्रजापति साकेत उम्र लगभग 3 वर्ष निवासी पीपरखाड़ जो सड़क किनारे मौजूद था। तभी तेज रफ्तार और लापरवाही पूर्वक चला रहे बोलेरो वाहन क्रमांक एमपी 66 जेडएच 0441 के चालक शुभम गुप्ता पिता बिहारीलाल ने बच्चे को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयावह थी कि मासूम गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर तड़पता रहा। घटना के बाद परिजन और ग्रामीण आनन-फानन में बच्चे को उपचार के लिए सरई शासकीय अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। इधर आरोप है कि कई घंटो तक उक्त घटना से बरका पुलिस बेखबर रही। जब विवाद बढ़ने लगा, तब पुलिस घटनास्थल पर पहुंची।

शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

सिंगरौली. शादी का झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने आखिरकार बेंगलुरु से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को पुलिस टीम गिरफ्तार कर सिंगरौली लेकर पहुंची है। मामला थाना विंध्यनगर अंतर्गत पुलिस चौकी जयंत क्षेत्र का बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार जैतपुर निवासी संतलाल साहू पिता भरत लाल साहू के खिलाफ युवती ने शादी का भरोसा देकर शारीरिक संबंध बनाने और बाद में वादा पूरा नहीं करने की शिकायत दर्ज कराई थी। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म सहित संबंधित धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की थी। शिकायत के बाद से आरोपी क्षेत्र छोड़कर फरार हो गया था, जिसके चलते पुलिस लगातार उसकी तलाश में जुटी हुई थी। पुलिस की तकनीकी जांच और मुखबिर तंत्र से मिली जानकारी के आधार पर आरोपी की लोकेशन बेंगलुरु में मिली। इसके बाद विशेष टीम गठित कर बेंगलुरु भेजी गई, जहां दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम आरोपी को ट्रांजिट प्रक्रिया पूरी करने के बाद सिंगरौली लेकर पहुंची।

तेंदूपत्ता तोड़ने गई महिला पर भालू का हमला, घायल

- उपचार के लिए अस्पताल में कराया गया भर्ती, इलाज जारी

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 16 मई। निगरी क्षेत्र में तेंदूपत्ता तोड़ने गई एक महिला पर जंगली भालू ने हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। घायल महिला को वन विभाग और पुलिस की मदद से उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया।

जानकारी के अनुसार निगरी क्षेत्र निवासी रामबती जायसवाल पति स्व. सियाराम जायसवाल आज शनिवार की सुबह निगरी जंगल नर्सरी की ओर

तेंदूपत्ता तोड़ने गई थी। बताया जा रहा है कि वह जंगल के अंदर पत्ती संग्रहण कार्य में लगी हुई थी। तभी पीछे से अचानक एक जंगली भालू ने महिला पर हमला कर दिया। भालू के हमले से महिला जमीन पर गिर गई और उनके हाथ-पैर सहित शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आईं। महिला के चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास मौजूद अन्य ग्रामीण मौके की ओर दौड़े। जिसके बाद भालू जंगल की ओर भाग गया। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग के कर्मचारी एवं निगरी चौकी प्रभारी विनय शुक्ला, प्रधान आरक्षक बीडी सिंह मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने घायल महिला को तत्काल प्राथमिक उपचार दिलाते हुए निवास अस्पताल भेज दिया, जहां उपचार जारी है।

फरार आरोपी गिरफ्तार

पन्ना, 16 मई. पन्ना पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू के निर्देशन में जिले के समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में गंभीर लंबित मामलों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया था। उक्त निर्देशों के पालन में थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर संतोष यादव द्वारा दिनांक 15 मई को मुखविर सूचना पर थाना देवेन्द्रनगर के अपराध क्रमांक 211/2026 धारा 108 भा.न्या.सं. के अंतर्गत आत्महत्या के दुस्प्रेरण के मामले मे फरार आरोपी अंतलाल चौधरी पिता प्रेमलाल चौधरी जेल भेज दिया गया है।

चोरों ने चार स्थानों पर बोला धावा, नगदी सहित जेवरात पार

नवभारत न्यूज

रीवा, 16 मई, जिले के मनगवां थाना क्षेत्र के बेलवा पैकान में बीती रात अज्ञात चोरो ने एक साथ तीन घरों समेत एक दुकान में निशाना बनाया.

इस दौरान नगदी सहित सोने चांदी के जेवरात पार कर दिए गए. पीड़ित तेजभान कुशवाहा ने बताया की कुशवाहा हार्डवेयर बीज भण्डार के नाम से वह दुकान संचालित करते है. तेजभान की माने तो अज्ञात चोरों ने टावर से अंदर घुसकर तीन लाख रुपए नगद नगद सोने चांदी सिक्का समेत 6 लाख रुपए जेवर लेकर फरार हो गए. अज्ञात चोर पास के ही अन्य तीन घरों में घुसे जिसमें एक मोबाइल ले गये हैं. बाकी दो घरों से कुछ भी ले जाने में सफल नहीं हुए हैं. पीड़ित ने बताया कि घटना की सूचना पहले सरपंच और उसके बाद मंनगवा पुलिस को दी गई थी जिसके बाद डायल 112 मौके पर आई और घटनास्थल का निरीक्षण कर चली गई है घटना के बाद पीड़ित परिवार दहशत में है.

भाजपा महापुरुषों को संकीर्ण चश्मे से देखती है : अजय सिंह

पूर्व नेताप्रतिपक्ष ने दिया बयान

नवभारत न्यूज

सीधी, 16 मई. पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का विभाजन करने और पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी का नाम हटाने के राज्य सरकार के प्रस्ताव पर कड़ा विरोध दर्ज कराया है। उन्होंने इसे पूरी तरह राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित कदम बताया है।

अजय सिंह ने कहा कि विभाजन का असली मकसद विश्वविद्यालय की बेहतरी के लिए नहीं, बल्कि केवल पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का नाम मिटाने का है। इसीलिए भाजपा सरकार राजीव गांधी विश्वविद्यालय को तीन हिस्सों में बांटने का प्रपंच रच रही है।

सिंह ने कहा कि स्वर्गीय राजीव गांधी ने अपने कार्यकाल में देश की तरक्की के लिए कंप्यूटर युग की शुरुआत की थी। उन्होंने डिजिटल इंडिया की मजबूत नींव रखी, जो देश के विकास में एक अविस्मरणीय योगदान है। इसी ऐतिहासिक तकनीकी योगदान के

कारण ही विश्वविद्यालय का नाम उनके नाम पर रखा गया था। किसी भी महापुरुष को केवल उनके देशहित में किए गए कार्यों और योगदान के लिए जाना जाता है। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है कि भाजपा सरकार हर राष्ट्रीय नायक को अपनी पार्टी के संकीर्ण चश्मे से देखती है।

अजय सिंह ने कहा कि इतिहास और महापुरुषों के योगदान को इस तरह की राजनीतिक दुर्भावना से मिटाना जनभावनाओं का अनादर है। सरकार की इस विभाजनकारी नीति को जनता अच्छी तरह समझ रही है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि जनता और कांग्रेस पार्टी द्वारा हर स्तर इसका विरोध किया जाएगा।

कलेक्टर के नेतृत्व में पटाखा भंडारण केंद्रों का सघन निरीक्षण

सेमरिया में बड़ी कार्रवाई, आवासीय क्षेत्र से भारी मात्रा में पटाखा एवं विस्फोटक सामग्री जब्त

नवभारत न्यूज

सीधी, 16 मई. जिले में जनसुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी विकास मिश्रा के निर्देशन में जिलेभर के पटाखा भंडारण केंद्रों का सघन निरीक्षण किया गया।

कलेक्टर ने स्वयं शहरी क्षेत्र के पटाखा भंडारण केंद्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया, जबकि अन्य क्षेत्रों में कार्यपालिक मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारियों द्वारा संयुक्त जांच अभियान चलाया गया। इसी क्रम में नायब तहसीलदार एकता शुक्ला के

नेतृत्व में राजस्व विभाग एवं थाना सेमरिया पुलिस की संयुक्त टीम ने ग्राम सेमरिया में ब?ी कार्रवाई की। टीम ने उमेश कुमार गुप्ता पिता मोतीलाल गुप्ता, निवासी ग्राम सेमरिया, तहसील गोपद बनास की पटाखा दुकान का निरीक्षण किया। जांच के दौरान दुकानदार द्वारा लाइसेंस प्रस्तुत किया गया, लेकिन जांच में यह सामने आया कि उनके पास भंडारण के लिए अधिकृत गोदाम ग्राम मनकीसर कोठार में स्वीकृत है, जबकि सेमरिया मुख्य बाजार स्थित दुकान एवं आवासीय परिसर में अवैध रूप से भारी मात्रा में पटाखा एवं अन्य विस्फोटक सामग्री रखी गई थी। प्रशासन ने इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए बताया कि रहवासी क्षेत्र में इतनी मात्रा में विस्फोटक सामग्री का भंडारण जन-धन के लिए ब?ा खतरा बन सकता था। संयुक्त टीम ने पूरी कार्रवाई की वीडियोग्राफी कराते हुए पुलिस विभाग की मौजूदगी में विस्फोटक सामग्री की गणना कर उसे जप्त किया। इसके बाद सामग्री को सील पैक कर आवासीय क्षेत्र से सुरक्षित बाहर कराया गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि उक्त मामले में विस्फोटक अधिनियम 1884 एवं विस्फोटक नियम 2008 के तहत नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर विकास मिश्रा ने सभी पटाखा विक्रेताओं एवं भंडारण संचालकों को क? निर्देश दिए हैं कि लाइसेंस की शर्तों, निर्धारित भंडारण स्थलों और सभी सुरक्षा मानकों का क?ाई से पालन करें। उन्होंने चेतावनी दी कि नियमों के उल्लंघन, अवैध भंडारण या सुरक्षा मानकों में लापरवाही पाए जाने पर सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आमजन की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।

आकाशीय बिजली गिरने से एक की मौत

आम तोड़ने के दौरान शाहपुर गांव में घटी घटना

नवभारत न्यूज

रीवा, 16 मई, जिले में लगातार मौसम में आ रहे बदलाव के बीच आंधी तूफान के साथ गिरी आकाशीय बिजली की चपेट में आ जाने से सिंचाई विभाग में पदस्थ कर्मचारी की दर्दनाक मौत हो गई. घटना के बाद पुलिस ने मार्ग कम कर मामले की जांच शुरू कर दी है.

घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सिरमौर थाना क्षेत्र के ग्राम शाहपुर में आज दोपहर अचानक मौसम के मिजाज में बदलाव आया और तेज आंधी तूफान के साथ असमान से गिरी आकाशीय बिजली की चपेट में आ जाने से सिंचाई विभाग में पदस्थ अनिल कुमार मिश्रा उर्फ गप्पू का दुखद निधन हो गया है. जानकारी के मुताबिक आज दोपहर करीब 1 बजे आम के बगीचे में आम तोड़ने के लिए अनिल मिश्रा गए हुए थे, तभी अचानक आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गई. घटना के बाद परिजनों सहित गांव में मातम पसर गया घटना की सूचना पुलिस को दी गई पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है.

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा प्लाट नं.34, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित . संपादक- संजय पयासी* फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99